भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या-13

उत्तर देने की तारीख-03/02/2025

दमन और दीव में विश्वविद्यालय की स्थापना

***13. श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या संघ राज्यक्षेत्र दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव में कोई मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय नहीं है, जिसके कारण वहां के छात्रों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ख) यदि हां, तो इसके कारणों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को यह जानकारी है कि बुनियादी और उच्च शिक्षा के इच्छुक छात्र गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा और कर्नाटक के विश्वविद्यालयों में शिक्षा प्राप्त करने के लिए मजबूर हैं;

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार का संघ राज्यक्षेत्र दमन और दीव के छात्रों को लाभ पहुंचाने के लिए उच्च मानक वाला विश्वविद्यालय स्थापित करने का प्रस्ताव है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्री

(श्री धर्मेंद्र प्रधान)

(क) से (ङ)**:** विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

माननीय संसद सदस्य श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल द्वारा 'दमन और दीव में विश्वविद्यालय की स्थापना' के संबंध में दिनांक 03.02.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 13 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क) से (ग): अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण (एआईएसएचई) रिपोर्ट, 2022-23 के अनुसार संघ राज्य क्षेत्र दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव के अंतर्गत 18 कॉलेज और 1 स्टैंडअलोन संस्थान हैं, जिनमें कुल नामांकन 12414 है।

इसके अलावा, संघ राज्य क्षेत्र दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव में तीन (3) केंद्रीय वित्त पोषित संस्थान हैं जो विशिष्ट विषयों में उच्च शिक्षा प्रदान करते हैं।

(घ) और (ङ): वर्तमान में, संघ राज्य क्षेत्र दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव में केन्द्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने का कोई प्रस्ताव इस मंत्रालय के विचाराधीन नहीं है।

******